Seventeenth Loksabha

an>

Title: Construction of 1,732 km long proposed Dam of Bagmati River at Belwa in Shivhar.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): माननीय सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर जिले के बेलवा में बागमती नदी पर डैम का कार्य निर्माणाधीन है । वहां डैम के साथ-साथ तटबंध का निर्माण होना है । महोदय, वर्षा के दिनों में प्रत्येक वर्ष नदी में बाढ़ के पानी का फैलाव होने से पूर्वी चंपारण एवं शिवहर जिले के सैकड़ों गांवों में जान-माल एवं फसल की भारी क्षति होती है, जिसकी रोकथाम हेतु डैम एवं तटबंध का निर्माण किया जाना जनहित में अति-आवश्यक है ।

जल संसाधन विभाग को डैम के साथ लगभग 1,732 मीटर लंबा तटबंध बनाना है, किंतु भू-अर्जन के अभाव में यह कार्य नहीं हो पा रहा है । मैं पिछले कई वर्षों से लगातार यह कार्य कराने के लिए प्रयासरत हूं ।

अत: सदन के माध्यम से सरकार से मेरा अनुरोध है कि जनहित में शिवहर के बेलवा में बागमती नदी पर आगामी वर्षा से पूर्व डैम पर 1,732 मीटर लंबे प्रस्तावित तटबंध का निर्माण कराया जाए, जिससे दशकों से बाढ़ की विभीषिका झेल रहे यहां के लोगों की जान-माल और फसल को बचाया जा सके । धन्यवाद ।

माननीय सभापति: डॉ. लोरहो फोज़ जी । आज मेरी आवाज कमजोर हो रही है ।

... (व्यवधान)